दिनांक:- 21.01.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## `गुड मॉर्निंग महोबा` कार्यक्रम के तहत जनपदीय पुलिस ने 'मार्निंग वॉक' कर जाना जनपदवासियों का हाल

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव की पहल पर जनपद में संचालित किये जा रहे *गुड मार्निंग महोबा* कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 21.01.2021 को जनपदीय पुलिस ने `गुड मॉर्निंग महोबा` कहकर लोगों का अभिवादन किया और क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक कर रहे बड़े/बुजुर्ग/महिलाऐं/बच्चो से बात की व उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया। समस्त थानों की गुड मार्निंग टीमों द्वारा छात्र/छात्राओं से मार्निंग वाक के दौरान उनकी पढ़ाई/परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में भी वार्ता की गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही महिलाओं को सुरक्षा का अहसास कराया गया। इस पहल से जनपदवासियों एवं पुलिसकर्मियों के मध्य संवाद हो रहा है, जिससे महोबा पुलिस की छवि 'मित्र पुलिस' के रूप में उभर रही है। 'गुड मॉर्निंग महोबा' कार्यक्रम पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद की कमी को भी दूर कर रहा है।











## थाना खरेला पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाते 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तारः-



पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के क्रम में दिनांक 20.01.2021 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री राजकुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षण थाना खरेला श्री अनिल कुमार द्वारा गठित टीम ने 03 नफर अभियुक्तगण .1 मुन्ना पुत्र धनीराम उम्र 29 वर्ष 2. हरिनारायण पुत्र चन्द्रिका प्रसाद उम्र 38 वर्ष 3. जयकरन पाल पुत्र टीकाराम पाल उम्र 22 वर्ष को घटनास्थल दाता जी का आश्रम बहद कस्बा व थाना खरेला जिला महोबा से ताश पत्तो से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के कब्जे से मालफड 1560 रू0 व जामा तलाशी 540 रू0 व 52 अदद ताश पत्ते बरामद हुए। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 11/21 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल...**

1.व0उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी

2. का0 हरेन्द्र कुमार 3. का0 रोहित कुमार 4.का0 अजय कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

**1.** मुन्ना पुत्र धनीराम उम्र 29 वर्ष 2. हरिनारायण पुत्र चन्द्रिका प्रसाद उम्र 38 वर्ष

3. जयकरन पाल पुत्र टीकाराम पाल उम्र 22 वर्ष

समस्त निवासीगण ग्राम परथनियाँ थाना खरेला जिला महोबा

## थाना महोबकंठ पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।




पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत आज दिनांक 21.01.2021 को थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री दिनेश सिह द्वारा गठित टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 193/20 धारा 363/376 भादवि व 4 पाक्सो अधि0 से संबंधित एक नफर वांछित अभि0 रोहित विश्वकर्मा पुत्र शिवदयाल विश्वकर्मा उम्र करीब 19 वर्ष को हरपालपुर रोड स्थित ग्राम खैरोकला जाने वाली नहर की पुलिया के पास से पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरोक्त अभियुक्त को सम्बधित मां0 न्यायालय भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 दशरथ सिंह
2. हे0का0 शिशुपाल सिंह
3. का0 प्रदुम्न कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

रोहित विश्वकर्मा पुत्र शिवदयाल विश्वकर्मा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम हरपुरा थाना ईशानगर जिला छतरपुर म0प्र0।

## थाना श्रीनगर पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-




पुलिस अधीक्षक श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री राजकुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वांछित अपराधियों के धरपकड व गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.01.2021 को थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक श्री संजय कुमार शर्मा द्वारा गठित टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त अत्तू पुत्र जीवन उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सलारपुर थाना श्रीनगर जनपद महोबा सम्बन्धित मु.अ.सं. 217/20 धारा 354/323/504/506 भादवि थाना श्रीनगर जिला महोबा को भण्डरा तिगैला थाना श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध वैधानीक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त उपरोक्त को मान0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम..थाना श्रीनगर।

1. **SI** गोपीचरन
2. का. महेशचन्द्र

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

अत्तू पुत्र जीवन उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सलारपुर थाना श्रीनगर जनपद महोबा

# महोबा पुलिस

दिनांक:- 21.01.2021 | सोशल मीडिया सेल

## जिलाधिकारी महोबा व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह का किया गया उद्घाटन...।



आज दिनांक 21.01.2021 को जिलाधिकारी महोबा श्री सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्री वास्तव द्वारा राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह का उद्घाटन कलेक्ट्रैट स्थित सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में सभी को सडक सुरक्षा जागरुकता हेतु शपथ भी दिलायी गयी तथा कलेक्ट्रैट से सडक सुरक्षा प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी महोबा ने कहा कि सडक सुरक्षा माह के दौरान जन-जागरुकता के लिये जनपद में प्रचार-प्रसार किया जायेगा । ओवर लोडिंग, ओवर स्पीडिंग, नशे में गाडी चलाने वाले तथा गाडी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले, हेलमेट या सीटबेल्ट का प्रयोग न करने वालों के विरुद्ध पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही की जायेगी ।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि सडक दुर्घटनाओं में जानमाल की हानि को देखते हुये हमें इस विषय पर गम्भीर होना होगा, सडक पर हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम करनें, लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरुक करने, दो पहिया चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालात में गाडी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय नियमित रुप से हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट के प्रयोग हेतु प्रेरित करने की अपील की । साथ ही कहा कि सडक पर सुरक्षा एक सामुहिक जिम्मेदारी है और इसका पालन हम सभी को करना होगा ।



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया जिस का लाइव प्रसारण उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों द्वारा सुना गया जिस के क्रम में जनपद महोबा में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी महोबा , पुलिस अधीक्षक महोबा, , नगर पालिका अध्यक्षा, अपर जिलाधिकारी महोबा,क्षेत्राधिकारी यातायात, आरटीओ महोबा एवं प्रभारी यातायात व जनपद के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे संबोधन के उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा झंडी दिखाकर प्रचार वाहनों को रवाना किया गया ।

## "मिशन शक्ति" टीम द्वारा स्कूली छात्राओं को सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया जागरुक...।

उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक किये जाने हेतु चलाये जा रहे महाभियान *मिशनशक्ति* के तहत आज दिनाँक 21.01.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **"मिशन शक्ति"** महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक श्रीमती रचना सिंह मय टीम द्वारा रुकमणी देवी इण्टर कालेज, ग्योडी थाना खन्ना जनपद महोबा में प्रधानायार्य श्री हिमांशु प्रताप सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गयी जहां पर उपस्थित स्कूली छात्राओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया तथा उन्हे हेल्पलाइन नम्बरों- वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, आपातकाल सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108 एवं सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी गई।










# श्रीनगर पुलिस द्वारा 07 नफर वाँछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार




आज दिनाँक 21.01.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे वाँछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत प्र0नि0 श्रीनगर श्री संजय कुमार शर्मा द्वारा गठित टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर **मु0अ0सं0 03/21 धारा 147/148/323/308/504/506 भादवि** में वांछित अभियुक्तगण **1.** पन्ना लाल पुत्र धुइया उर्फ धूराम उम्र 32 वर्ष **2.** मकुन्दा पुत्र दसिया उम्र 42 वर्ष, निवासीगण ग्राम इमिलिया थाना श्रीनगर जनपद एवं **मु.अ.सं. 05/21 धारा 147/148/308/323/504 भादवि** में वांछित अभियुक्तगण **1.** रोहित पुत्र पप्पू उर्फ हरनारायण कुशवाहा उम्र 18 वर्ष **2.** प्रमोद पुत्र ओमप्रकाश कुशवाहा उम्र 21 वर्ष **3.** अरविन्द पुत्र ओम प्रकाश कुशावाहा उम्र 19 वर्ष **4.** हरेन्द्र पुत्र मलखान कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासीगण ग्राम इमिलिया थाना श्रीनगर जनपद महोबा एवं **मु.अ.सं. 217/20 धारा 354/323/504/506 भादवि** में वाँछित अभि0 अत्तू पुत्र जीवन उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सलारपुर थाना श्रीनगर जनपद महोबा को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

**1.** पन्ना लाल पुत्र धुइया उर्फ धूराम उम्र 32 वर्ष **2.** मकुन्दा पुत्र दसिया उम्र 42 वर्ष **3.** रोहित पुत्र पप्पू उर्फ हरनारायण कुशवाहा उम्र 18 वर्ष **4.** प्रमोद पुत्र ओमप्रकाश कुशवाहा उम्र 21 वर्ष **5.** अरविन्द पुत्र ओम प्रकाश कुशावाहा उम्र 19 वर्ष **6.** हरेन्द्र पुत्र मलखान कुशवाहा उम्र 20 वर्ष, निवासीगण ग्राम इमिलिया थाना श्रीनगर जनपद महोबा। **7.** अत्तू पुत्र जीवन उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सलारपुर थाना श्रीनगर जनपद महोबा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 मुहम्मद सुल्तान
2. उ0नि0 गोपीचरन
3. कां0 प्रशांक कुमार
4. कां0 रोहित कुमार

## पनवाड़ी पुलिस द्वारा अवैध शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



आज दिनाँक 21.01.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे अवैध शराब की बरामदगी अभियान के तहत प्र0नि0 पनवाड़ी श्री विनोद कुमार यादव द्वारा गठित टीम ने सर्रा सरकार बब्बा जी का मन्दिर बहद ग्राम स्योढ़ी से अभियुक्त तेज सिंह यादव पुत्र छिकोढ़ी यादव नि0 स्योढ़ी थाना पनवाड़ी को मय **30 क्वार्टर देशी नाजायज शराब** सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर **मु.अ.स 17/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम** का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

तेज सिंह यादव पुत्र छिकोढ़ी यादव निवासी ग्राम स्योढ़ी थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 विनोद सिंह (प्रभारी चौकी नगाराघाट)
2. का0 पंकज सरोज
3. का0 राघवेन्द्र कुमार

## क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा मय खन्ना पुलिस बल के साथ पैदल गस्त करके की गई संदिग्धों की चेकिंग एवं यातायात नियमों के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा किये गये ई-चालान



आज दिनाँक 21.01.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में सीओ सिटी श्री कालू सिंह द्वारा मय खन्ना पुलिस बल के साथ कस्बा गस्त किया गया। गस्त के दौरान मुख्य बाजार में संदिग्धों की चेकिंग की गई एवं लोगो से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना गया। जनपद के सभी थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के मद्देनजर पैदल गस्त करके संदिग्धों की चेकिंग की गयी। पैदल गस्त के दौरान संदिग्धों/अराजक तत्वों/होटल/ढाबा/मुख्य बाजार आदि जगहो की चेकिंग की गई। इसके साथ ही आगामी ग्राम पंचायत चुनाव को सकुशल/शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराये जाने के क्रम में थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग की गयी तथा बार्डर पर बैरियर लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की गहनता से चेकिंग व पूछताछ की गई। **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने पर **27 व्यक्तियों से 4200/-रू0 जुर्माना व 79 ई-चालान किये गये।**












Mahoba Police